RAF SECTOR
NEWS CLIP
18/10/18

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagaran (Ranchi,JKD.)

पुलिस ने पूरे शहर में किया फ्लैग मार्च, सुरक्षा का दिलाया भरोसा

जागरण संवाददाता, रांची : दुर्गा पूजा के मद्देनजर पुलिस ने पूरे शहर में फ्लैगमार्च कर आमलोगों सुरक्षा का भरोसा दिलाया। बुधवार शाम कोतवाली डीएसपी अजीत कुमार बिमल के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया।

यह मार्च फिरायालाल चौक से शुरू होकर सुजाता चौक तक पहुंची। इस दौरान मार्च में शामिल पुलिसकर्मी मिशन रोड होते हुए कर्बला चौक तक पहुंची। फ्लैग मार्च में जिला बल के अलावा रैफ के जवान शामिल थे।

मेन रोड में मार्च पास्ट करते जवान • जागरण

मार्च के दौरान कोतवाली, डेली मार्केट, चुटिया सहित अन्य थानों के थानेदार मौजूद थे। कोतवाली डीएसपी अजीत बिमल ने कहा पुलिस ने फ्लैग मार्च कर आम लोगों को यह संदेश दिया कि वह उनकी सुरक्षा में पुलिस सदैव सतर्क हैं उन्हें निर्भीक होकर अपने घरों से बाहर निकलना है और पूजा में पूरी उत्साह के साथ शामिल होना है।

Dainik Bhaskar (Dausa,Raj.)

रैपिड एक्शन फोर्स ने संभाला मोर्चा

कलेक्टर व एसपी ने जवानों को महवा क्षेत्र के लिए रवाना किया

कार्यालय संवाददाता | दौसा

चुनाव की दृष्टि से अति संवेदनशील दौसा जिले में रेपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने चुनाव से दो माह पूर्व ही क्षेत्र में मोर्चा संभाल लिया।

रेपिड एक्शन फोर्स के जवानों को मंगलवार दोपहर कलेक्ट्रेट से कलेक्टर नरेश कुमार शर्मा व एसपी चूनाराम जाट ने महवा क्षेत्र के लिए रवाना किया। एसपी चूनाराम जाट ने बताया कि रेपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने महवा व सलेमपुर थाना इलाके के कई गांवों में फ्लेग मार्च किया। जवान बुधवार को भी महवा क्षेत्र में फ्लेग मार्च करेंगे। मंगलवार को फ्लेग मार्च के दौरान महवा डीएसपी राजेंद्र सिंह शेखावत, थानाधिकारी अमित चौधरी, सलेमपुर थानाधिकारी रामकिशोर व मंडावर थानाधिकारी अशोक झाझड़िया आदि मौजूद थे। गौरतलब है कि रेपिड एक्शन फोर्स की एक कंपनी सोमवार शाम को दौसा पहुंची है। इस कंपनी को महवा क्षेत्र में तैनात किया गया है। जिले में अर्द्धसैनिक बल की एक और कंपनी जल्द आएगी।

महवा। आगामी विधानसभा चुनावो में क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम होंगे जहां पोलिंग बूथों से लेकर बूथ तक जाने वाले रास्तों पर सेना व पुलिस के जवानों की तैनाती के साथ संवेदनशील अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त जाता लगाया जाएगा वही बड़ी तादाद में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। मतदान के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजामों को लेकर मंगलवार को रैपिड एक्शन फोर्स के 160 जवानों की टुकड़ी महवा पहुंची। जहा विधानसभा चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण निष्पक्ष और निर्भीक मतदान को लेकर पुलिस अधिकारियों व रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने शहर के नेशनल हाईवे जयपुर रोड हिंडौन रोड तहसील रोड के अलावा उपखंड क्षेत्र के संवेदन व अति संवेदनशील माने जाने वाले साथा, गहनोली, गाजीपुर सहित आधा दर्जन से अधिक गांवो में फ्लेग मार्च कर निर्भीक मतदान का संदेश दिया। इधर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी योगेश डागुर ने बताया कि महुआ विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे जिसे लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपे जाने के साथ विशेष तौर पर संवेदन व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों तक मतदाताओं के पहुंचने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम को लेकर लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। मंगलवार को रैपिड एक्शन फोर्स की टुकड़ी महवा पहुंच चुकी है जबकि बड़ी तादाद में पुलिस व अन्य सेना के जवानो का आना बाकी है।

Dainik Bhaskar (Dausa,Raj.)

चुनाव तैयारी : सुरक्षा के कड़े इंतजाम, शहर में फ्लैग मार्च

दौसा। जवानों को कलेक्ट्रेट से रवाना करते कलेक्टर व एसपी।

महवा। आगामी विधानसभा चुनावों में क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम होंगे जहां पोलिंग बूथों से लेकर बूथ तक जाने वाले रास्तों पर सेना व पुलिस के जवानों की तैनाती के साथ संवेदनशील अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त जाता लगाया जाएगा वहीं बड़ी तादाद में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। मतदान के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजामों को लेकर मंगलवार को रैपिड एक्शन फोर्स के 160 जवानों की टुकड़ी महवा पहुंची।

Nai Dunia (Bhopal)

आरएएफ और सीआईएसएफ ने निकाला मार्चपास्ट



खंडवा में मंगलवार को आरएएफ और सीआईएसएफ के साथ सशस्त्र बल और जिला पुलिस बल ने मार्च पास्ट निकाला। पुलिस कंट्रोल रूम से शुरू हुआ मार्च पास्ट कहारवाड़ी, भगतसिंह चौक, पंधाना रोड, शनि मंदिर, जलेबी चौक, शिवाजी चौक और इमलीपुरा सहित अन्य क्षेत्रों से गुजरा। इस दौरान एएसपी महेंद्र तारणेकर, सीएसपी मनोहर बारिया, ट्रैफिक डीएसपी संतोष कोल, सूबेदार देवेंद्र सिंह परिहार और नितिन निगवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

Photos of Deployment/Fam-ex of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।